तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 20 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 12 अप्रैल 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



चैता गीतों की गूंज, सांस्कृतिक कार्यक्रम 4




**खबर संक्षेप**

## गृह मंत्रालय के अधिकारी पद पर चुने गए मोहनीश



**बैकुण्ठपुर।** नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के वार्ड क्रमांक 2 भट्ठीपारा निवासी का चयन भारत के गृह मंत्रालय में अधिकारी के पद के लिए हुआ है। इस खबर के बाद परिवार एवं शुभ चिंतकों में खुशी की लहर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के भट्ठीपारा निवासी मोहनीश सिंह पिता मोहन सिंह का चयन गृह मंत्रालय भारत सरकार में असिस्टेंट सेक्शन आफिसर के लिए हुआ। मोहनीश के इस सफलता पर परिजन एवं शुभ चिंतकों में खुशी व्याप्त है।

## सार्वजनिक प्याऊ घर का शुभारंभ



**बैकुण्ठपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटना के सामने प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया है। कार्यक्रम में स्काउट्स-गाइड्स, पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही। इस प्याऊ घर के माध्यम से ग्रीष्मकाल 30 मई तक राहगीरों को शुद्ध शीतल पेयजल, शरबत, खीरा एवं गुड़ का वितरण किया जाएगा। इस पहल में उप सरपंच अंजू जायसवाल, पंच निर्मला सिंह, पंकज जनरल स्टोर एवं प्रीतम फामेर्सी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है।

## प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम की धूम

**चरचा कॉलरी।** सूर्यवंशी महासभा छग राज्य द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर पूरे छग सहित सरगुजा संभाग के विभिन्न जिलों, ब्लॉकों और तहसीलों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान संभाग के सभी प्रमुख स्थलों पर बाबा साहब की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी, साथ ही रैली, शोभायात्रा और नए प्रतिमा स्थलों का शिलान्यास भी किया जाएगा। जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के ग्राम कदम बहरा, बचरा पोड़ी एवं भैयाथान के ब्लॉक के ग्राम नेवरा में बाबा साहब की प्रतिमा स्थापना का कार्यक्रम रखा गया है। वहीं बलरामपुर जिले के वाडफनगर स्थित अंबेडकर चौक में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा ग्राम बेबदी बलगी में शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न होगा। इसी क्रम में सूरजपुर जिले के रामानुजनगर एवं परशुरामपुर में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित होंगे, जबकि अंबिकापुर के अंबेडकर चौक लखनपुर में रैली एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिला एमसीबी के खड़गवां में भी रैली का आयोजन होगा। सूर्यवंशी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष हीरालाल बौद्ध ने जानकारी दी।

### वर्षों पुरानी परंपरा आज भी कायम, एकजुट होकर ग्रामीण करते हैं सामूहिक पूजा-पाठ

# अच्छी फसल के लिए गांव में कोठारी पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के ग्रामीण अंचल में वर्षों पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में कोठारी पूजा का शुभारंभ किया गया। इस पूजा की शुरूआत होने के बाद अलग-अलग क्षेत्रों में ग्रामीणों द्वारा अलग दिनों के तय समय में कोठारी पूजा का आयोजन करते हैं। एकजुट ग्रामीण ग्राम के देव स्थल पर पहुंचते हैं और बैगा द्वारा आवश्यक पूजन सामग्री के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हैं।

इस अवसर पर गांव के लोग काफी संख्या में जुटते हैं। जिले में पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ शनिवार को कोठारी पूजा किया गया। इसके साथ ही अन्य जगहों पर तय समय पर कोठारी पूजा का आयोजन किया जाएगा। जानकारी के अनुसार मानसून आने के पूर्व गर्मी के दिनों में ही कोठारी पूजा ग्रामीण क्षेत्रों में किया जाता है।



कोठारी पूजा करते ग्रामीण।

इस दिन बैगा द्वारा विधि-विधान के साथ पूजा की जाती है। इस दिन धरती और कृषि उपकरणों की पूजा कर अच्छी फसल और खुशहाली की कामना की जाती है। इस पूजा के संपन्न होने के बाद ही हल चलाने की शुरूआत होती है। साथ ही कोठारी पूजा कर आगामी सीजन में अच्छी बारिश, फसलों में कीट व्याधि प्रकोप से रक्षा के साथ गांव में सुख शांति और पशुधन की रक्षा की कामना की जाती है। इस अवसर पर बैगा द्वारा ग्राम देवता को विशेष भोग अर्पित करते हैं।


⏭ शेष पेज 4 पर


### बरदिया में ग्रामीणों ने मनाया कोठारी पूजा

**कटकोना।** जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम बरदिया में एकजुट ग्रामीणों के बीच बैगा ने कोठारी पूजा संपन्न कराया। जानकारी के अनुसार शनिवार को सुबह के समय ग्राम बरदिया के देव स्थल पर पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए एकत्र ग्रामीणों की बीच बैगा द्वारा विधि-विधान के साथ पूजा कार्य संपन्न कराया गया। जानकारी के अनुसार इस पूजा के लिए गांव के प्रत्येक घर से धान, रोटी और नारियल एकत्र किया गया और बैगा को पूजा कार्य करने के लिए सौंपा गया, इसके बाद बैगा द्वारा विधि-विधान से हवन-पूजन कर गांव की सुख शांति के लिए प्रार्थना की। मान्यता है कि कोठारी पूजा करने से गांव में कोई भी अनिष्ट नहीं होता।

# नपाध्यक्ष नविता का निर्वाचन बरकरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के मुख्यालय बैकुंठपुर नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष पद को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद पर विराम लग गया है, हालांकि इस वर्ष के अंतिम दिसंबर माह में नगर पालिका बैकुंठपुर में निर्वाचन होना है।



जानकारी के अनुसार छग उच्च न्यायालय ने जिला न्यायालय के फैसले को बरकरार रखते हुए अध्यक्ष पद के खिलाफ दायर अपील को खारिज कर दिया है। गौरतलब है कि दिसंबर 2021 में हुए नगरपालिका चुनाव के बाद 1 जनवरी 2022 को अध्यक्ष का निर्वाचन कराया गया था। इस दौरान दोनों प्रत्याशियों को समान मत प्राप्त हुए थे। इसके बाद सभी पार्षदों एवं दोनों अभ्यर्थियों की सहमति से लॉटरी के माध्यम से निर्णय लिया गया, जिसमें श्रीमती नविता शैलेश शिवहरे को अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया था। प्रत्याशी श्रीमती साधना जायसवाल ने जिला न्यायालय बैकुंठपुर में चुनाव याचिका दायर की थी। करीब तीन वर्षों तक चली सुनवाई, मतपेटियों के निरीक्षण एवं साक्ष्यों के परीक्षण के बाद 7 मई 2025 को जिला एवं सत्र न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद श्रीमती जायसवाल ने उच्च न्यायालय में अपील (सीआर क्रमांक 149/2025) दायर की। मामले की सुनवाई के बाद 23 फरवरी 2026 को निर्णय सुरक्षित रखा गया था। अंततः 10 अप्रैल को उच्च न्यायालय ने जिला न्यायालय के फैसले को सही ठहराते हुए अपील को निरस्त कर दिया। मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता आशीष गुप्ता के साथ उच्च न्यायालय में अधिवक्ता चंद्रेश श्रीवास्तव एवं शशांक गुप्ता ने पक्ष रखा।

# महिला आरक्षण विधेयक से महिलाओं में बढ़ेगा राजनीतिक सशक्तिकरण

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी एमसीबी की जिलाध्यक्ष एवं पूर्व संसदीय सचिव श्रीमती चंपादेवी पावले ने महिला आरक्षण विधेयक को महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है।

उन्होंने कहा कि यह विधेयक न केवल महिलाओं की भागीदारी बढ़ाएगा, बल्कि देश के लोकतंत्र को और अधिक संवेदनशील, संतुलित एवं जवाबदेह बनाने में भी अहम भूमिका निभाएगा। श्रीमती पावले ने अपने बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार 16 अप्रैल को लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़े प्रावधानों को प्रभावी रूप से लागू करने की दिशा में आगे बढ़ रही है, इससे देशभर की महिलाओं में नया उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना केवल प्रतिनिधित्व का सवाल नहीं है, बल्कि यह सामाजिक बदलाव और समान अवसर की दिशा में एक मजबूत पहल है। उन्होंने बताया कि सितंबर 2023 में संसद द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम इस दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस कानून के तहत लोकसभा और विधानसभाओं में



महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। आने वाले समय में 2029 के लोकसभा चुनाव सहित विभिन्न विधानसभा चुनावों में इस व्यवस्था को लागू किए जाने की योजना है, जिससे महिलाओं को जनप्रतिनिधि बनने का व्यापक अवसर मिलेगा। श्रीमती पावले ने छग में भाजपा सरकार द्वारा किए गए महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 में डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में बनी भाजपा सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में कई ऐतिहासिक कदम उठाए। महिलाओं को राशन कार्ड के माध्यम से परिवार की मुखिया के रूप में मान्यता देना एक महत्वपूर्ण पहल रही है, इसके अलावा पंचायत चुनावों में 50 प्रतिशत आरक्षण देकर महिलाओं को नेतृत्व का अवसर प्रदान किया गया है। उन्होंने वर्तमान राज्य


⏭ शेष पेज 4 पर


# बाबा साहब की 135 वीं जयंती 14 को

**चरचा कॉलरी।** भारतीय संविधान के शिल्पकार, सामाजिक न्याय और समानता के अग्रदूत भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती के अवसर पर चरचा कॉलरी में भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और काफी संख्या में लोगों की सहभागिता की उम्मीद जताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार कार्यक्रम 14 अप्रैल मंगलवार को सायं 5 बजे से साकेत सदन चरचा कॉलरी में आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य बाबा साहब के विचारों शिक्षा, समानता, अधिकार और सामाजिक न्याय को जन-जन तक पहुंचाना है, ताकि समाज में जागरूकता और एकता को और मजबूती मिल सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक बीएन झा शामिल होंगे। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्र प्रबंधक चरचा आरओ संजय कुमार, क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी श्रीमती एस मिंज, स्टाफ अधिकारी मानव संसाधन बैकुंठपुर क्षेत्र गौरव कुमार दुबे, खान अधीक्षक चरचा आरओ सिमरजीत सिंह, संपर्क अधिकारी आरके



बंजारे, हीरासिंह एवं ददन राम प्रबंधक मानव संसाधन चरचा आरओ की उपस्थिति दर्ज कराएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष रमेश कुमार अहिरवार द्वारा की जाएगी। आयोजन में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण, विचार गोष्ठी, सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी, इससे कार्यक्रम और भी आकर्षक एवं प्रेरणादायक बनेगा। आयोजक संस्था कोल इंडिया एससी/एसटी एम्प्लाइज एसोसिएशन सिस्टा, बैकुंठपुर क्षेत्र द्वारा क्षेत्र के सभी नागरिकों, कर्मचारियों एवं युवाओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

# ऑल इंडिया वालीबॉल चैलेंजर्स टूर्नामेंट का शुभारंभ आज



**मनेन्द्रगढ़।** फ्रेंड्स यूनियन क्लब पौराधार के तत्वाधान,नगर परिषद डूमरकछार एवं संधान ट्रस्ट के सहयोग से मुख्य पंडाल पौराधार में 12 से 15 अप्रैल तक ऑल इंडिया वालीबॉल चैलेंजर्स टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है।

इस प्रतियोगिता में देश की राष्ट्रीय स्तर की महिला एवं पुरूष टीमें अपने खेल का प्रदर्शन करेंगी। मुख्य रूप से पुरूष टीमें डब्लूसीआर रेलवे जबलपुर, नदीयाड एकैडमी गुजरात, जयपुर राजस्थान देहरादून एकैडमी उत्तराखंड गुड़गांव हरियाणा एवं महिला टीम में रायपुर छग रविन्द्र भारती एकैडमी कोलकाता उत्तराखंड एकेडमी गर्ल्स टीम, जयपुर राजस्थान आरएनसी क्लब नागपुर की टीमें प्रमुख रूप से भाग ले रही है। पौराधार मुख्य दुर्गा पूजा पंडाल वालीबॉल ग्राउंड में दो ग्राउंड के माध्यम से यह प्रतियोगिता संपन्न किया जाएगा। ज्ञात हो कि यह आयोजन 1994 से लगातार प्रतिवर्ष कोयलांचल क्षेत्र पौराधार में आयोजित होता आ रहा है। काफी संख्या में पहली बार महिलाओं की टीमें भी इस प्रतियोगिता में शामिल हो रही है।

महिला एवं पुरूष वालीबॉल की टीम एक साथ प्रतियोगिता में सहभागिता कर रही है, आयोजन क्लब ने जिले एवं क्षेत्र के खेल प्रेमियों, नागरिकों से आग्रह किया है कि 12 से 15 अप्रैल तक प्रतिदिन के प्रतियोगिता में आमंत्रित किया है।

## हाथियों ने टाइगर पाइंट जंगल में जमाया डेरा

**मैनपाट।** उड़ीसा प्रवास से लौटे 9 सदस्यीय हाथियों के दल में एक शावक भी शामिल है। शावक के कारण हाथी काफी आक्रामक हो गए हैं। महीनों पूर्व से अलग-अलग क्षेत्रों में भ्रमण कर रहे 3 दंतैलों में 2 दंतैल भी दल में शामिल हो गए है। इस बार उड़ीसा प्रवास से लौटने के बाद से ही हाथी मैनपाट के जंगलों में भ्रमण कर रहे हैं। पिछले एक सप्ताह से हाथियों का दल टाइगर पाइंट एवं माटीघाट जंगल के आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण कर रहा है। हाथियों का दल लगातार तीन दिनों तक मैनपाट-सीतापुर मार्ग के पास घूमता रहा जिसके कारण वनकर्मियों को सुरक्षा के मद्देनजर 24 घंटे मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान कई हाथियों ने मुख्य मार्ग को पार किया हाथियों का दल पिछले दो दिनों से टाइगर पाइंट जंगल में डेरा जमाए हुए है। बीती रात हाथियों का दल जामपानी स्थित पहाड़ी कोरवा बस्ती में घुस गया था। इस दौरान हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया एवं एक ग्रामीण के घर को ढहा दिया। इसके पूर्व भी हाथियों ने ग्राम डांडकेसरा में ग्रामीणों के घर एवं ट्यूबवेल में तोड़फोड़ की थी। अभी डांडकेसरा जंगल में एक दंतैल अकेले घूम रहा है जबकि दो दंतैल हाथियों के दल में शामिल होकर तोड़फोड़ मचा रहे है। वनकर्मी ग्रामीणों को सावधानी बरतने एवं रात में सफर के दौरान सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखने की सलाह दे रहे है।






### जिला क्रिकेट संघ कोरिया का आयोजन

# कोरिया की धमाकेदार शुरूआत, चांपा को 42 रन से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिला क्रिकेट संघ कोरिया की अंडर-16 टीम ने प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टूर्नामेंट में शानदार आगाज करते हुए अपने पहले ही मुकाबले में चांपा जिले को एक पारी और 42 रन से करारी शिकस्त दी।

इस जीत के साथ कोरिया टीम ने बोनस अंक सहित कुल 7 अंक अर्जित कर लिए हैं। मैच में कोरिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया, जो पूरी तरह सही साबित हुआ। कोरिया के गेंदबाजों ने शुरू से ही चांपा के बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा, इसके चलते पूरी टीम महज 101



रन पर सिमट गई। कोरिया की ओर से स्वाभिमान यादव ने घातक गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट झटके, जबकि कुश चावड़ा ने 2 और अर्थव सिंह ने 1 विकेट अपने नाम किया। पहली पारी में बढ़त हासिल करने उतरी कोरिया टीम के बल्लेबाजों ने संयम और आक्रामकता का बेहतरीन मिश्रण दिखाया। कुश चावड़ा ने 48 रन की अहम पारी खेली, वहीं वीर मेघानी ने 37 और अर्थर्व सिंह ने 34 रन का योगदान दिया। इसके अलावा स्वाभिमान यादव 16, आबिद अली 15, भावेश रत्नाकर 13 और अभिनय सिंह दोहरे 10 ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। टीम ने कुल 202 रन बनाकर पहली पारी में 101 रन की मजबूत बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में चांपा की टीम एक बार फिर कोरिया के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और मात्र 59 रन पर ढेर हो गई। इस बार अर्थव सिंह ने 6 विकेट लेकर कहर बरपाया, जबकि स्वाभिमान यादव ने 4 विकेट झटककर विपक्षी टीम की कमर तोड़ दी। कोरिया टीम के इस शानदार ऑल राउंड प्रदर्शन के दम पर मैच एक पारी और 42 रन से जीत लिया गया।

खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने टीम की मजबूत तैयारी और संतुलन को दर्शाया है। अब कोरिया टीम का अगला मुकाबला 14 और 15 अप्रैल को बस्तर जिले के खिलाफ खेला जाएगा, जहां टीम अपने विजयी अभियान को जारी रखने के इरादे से मैदान में उतरेगी।


Vijayश्री HERITAGE
Shanichari Road
LUXURIOUS 3 BHK & 4 BHK RESIDENCES
AADHARSHILAS BUILDERS PVT. LTD.
RERA CHHATTISGARH
PCGRERA230126002033
सिर्फ एक पता नहीं
सुकून
का एक नया
आशियाना
SAY yes
TO YOUR
LUXURIOUS HOME
SPECIAL BOOKING OFFER
UP TO 30TH APRIL 2026
Site Address: Science College, Shanichari Road, Along Vijayapuram Colony, Bilaspur, Chhattisgarh.
SOLAR FOR COMMON AREA
MINI THEATER
COMMON HALL ON TERRACE
GYM
Science College 300 Meter
SECL Head Office 700 Meter
Khel Parisar 700 Meter
Apollo Hospital 1.5 Km
Railway Station 6.5 Km
Gol Bazar & Sadar Bazar (Market) 1.5 Km
Member of CREDAI Confederation of Real Estate Developers' Association of India
Scan for Floor Plan
+91 9300321527 | +91 9329730177 | +91 9826533344
Head Office Address: In front of Chhattisgarh Bhavan, Nehru Chowk, Bilaspur (C.G.)
E-mail-: abplbsp94@gmail.com | Website :- www.aadharshilabuilders.com
Scan for Brochure

## खबर संक्षेप

### भगवान परशुराम जयंती पर प्रतिभाओं का होगा सम्मान

**अंबिकापुर।** परशुराम जयंती के अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भगवान परशुराम की जयंती, अक्षय तृतीया पर 19 अप्रैल शहर में शोभा यात्रा निकाली जाए। शोभा यात्रा के पश्चात भगवान परशुराम मंदिर प्रांगण में आयोजित हवन पूजन के साथ साथ, स्वजातीय बंधुओं, छात्र-छात्राओं का समाज की ओर से सार्वजानिक विशेष सम्मान किया जाएगा। सर्व ब्राह्मण समाज सम्मान समिति के संयोजक द्वितेन्द मिश्र ने समाज के लोगों से आग्रह किया है कि वे खेत जगम में राज्य स्तर पर उपलब्धि हासिल करने वाले, शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभा संपन्न और 10-12 में मेरिट हासिल करने वाले, इंजीनियिंग, मेडिकल में उत्कृट प्रदर्शन करने वाले, उच्च प्रशासनिक सेवाओं, न्यायिक सेवाओं में चयनित युवाओ, समाज में बेहतर कार्य करने वालों की जानकारी समिति को उपलब्ध कराएं। उन्होंने समाज के लोगों से 14 अप्रैल तक जानकारी परशुराम मंदिर के पुजारी महेंद्र उपाध्याय तक पहुंचाने का आह्वान किया है।

### हितग्राहियों का ई-केवायसी कार्य 30 जून तक

**अम्बिकापुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार महतारी वंदन योजना के अंतर्गत सभी हितग्राहियों का ई-केवायसी कार्य 1 अप्रैल से प्रारंभ हो गया है, जिसे 30 जून तक पूर्ण किया जाना निर्धारित है। वर्तमान में जिले में कुल 2,15,369 पात्र हितग्राही चिन्हित हैं, जिनका ई-केवायसी कराया जाना सुनिश्चित किया जा रहा है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्य विभाग द्वारा ई-केवायसी की प्रक्रिया संचालित की जा रही है। जिन हितग्राहियों का ई-केवायसी अभी शेष है, उन्हें शामिल करते हुए सभी पात्र हितग्राहियों का सत्यापन कार्य प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। यह प्रक्रिया जिले के ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में संचालित है। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशानुसार ई-केवायसी कार्य को गति देने हेतु 6 से 10 अप्रैल तक जिले के सभी विकासखण्डों में वीएलई एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण सीएससी राज्य कार्यालय रायपुर के परियोजना प्रबंधक सुरेन्द्र दास एवं रितेश शुक्ला द्वारा दिया गया। निर्धारित समयावधि के भीतर यदि कोई हितग्राही ई-केवायसी कराने से वंचित रह जाता है तो उनके लिए 1 जुलाई से 31 अगस्त के मध्य संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय में ई-केवायसी कराने की विशेष व्यवस्था की जाएगी, जिससे शत-प्रतिशत हितग्राहियों का ई-केवायसी सुनिश्चित किया जा सके।

### स्टॉप-डैम के लिए 33 लाख स्वीकृत

**अम्बिकापुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सरगुजा जिले के लखनपुर नगर पंचायत में दो स्टॉप-डैम्स के निर्माण के लिए 33 लाख 26 हजार रुपए मंजूर किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने संचालनालय से इनकी मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने दोनों कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए समय-सीमा में काम पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विकास ने लखनपुर नगर पंचायत के ढोढ़ी घाट में स्टॉप-डैम के निर्माण के लिए 17 लाख 86 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। विभाग ने चिलरा घाट में भी स्टॉप-डैम के लिए 15 लाख 40 हजार रुपए की मंजूरी दी है।

## पुलिस टीम लगातार कर रही थी तलाश

# अंततः धरदबोचा गया जघन्य हत्या का आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- 35 हजार का रखा था इनाम, जांच जारी

महिला के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी बेरहमी से हत्या करने वाले आरोपी को आखिरकार पकड़ लिया गया है। आरोपी को आठवें दिन गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को चिरमिरी पुलिस ने हिरासत में लिया है। आरोपी के पकड़े जाने के बाद सरगुजा पुलिस ने भी राहत की सांस ली है। पुलिस आरोपी को एमसीबी जिले से लेकर सरगुजा आई है और उससे पूछताछ की जा रही है। अधिकारी जल्द ही इस मामले का खुलासा करने की बात कह रहे है। बड़ी बात यह है कि आरोपी पर 35 हजार रूपए के इनाम की घोषणा की गई थी इसे पकड़ने में पुलिस की पुरानी पद्धति मुखबिर और सूचना तंत्र ही काम आई।

बता दें कि शहर के सद्भावना चौक महामाया मंदिर प्रवेश द्वार के समीप स्थित मछली दुकान के झाले में 3 अप्रैल की सुबह एक महिला की खून से सनी लाश मिली थी। महिला का चेहरा, गला बुरी तरह से कुचला हुआ था। इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस की जांच में सीसीटीवी फुटेज सामने आया था जिसमें आरोपी मृतिका के साथ एक संदिग्ध युवक घूमता हुआ नजर आया था। इसके साथ ही पुलिस को कुछ अन्य सीसीटीवी फुटेज भी मिले थे जिससे आरोपी की पहचान पांडा उर्फ मिथुन के रूप में की गई थी। आरोपी वारदात के बाद से लगातार फरार चल रहा था।

बड़ी बात यह है कि आरोपी के पास कोई मोबाइल फोन या अन्य संसाधन नही थे जिससे पुलिस तकनिकी सहायता लेकर आरोपी का पीछा कर सके। ऐसे में पुलिस ने पुलिस द्वारा आरोपी का फोटो वायरल करने के साथ ही उसकी तलाश की जा रही थी। आरोपी को रेलवे स्टेशन में देखा गया था इसके बाद उसे सिलफिली के रेलवे ट्रैक पर भी देखा गया था। आरोपी का कोई डिजिटल फुटप्रिंट नहीं होने के कारण आईजी दीपक झा ने उसपर 30 हजार और एसएसपी राजेश अग्रवाल ने 5 हजार रूपए के इनाम की घोषणा की थी। इसके साथ ही आईजी श्री झा के नेतृत्व में एसएसपी राजेश अग्रवाल, एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो समेत पुलिस की टीम गांव गांव में जाकर उसकी तलाश कर रही थी। इस दौरान संभावित गावों में पुलिस ने घर घर जाकर संपर्क किया और लोगों को आरोपी के फोटो उपलब्ध कराए इसका परिणाम यह हुआ कि 7 से अधिक लोगों ने आरोपी को देखने की पुष्टि की थी जिसके बाद पुलिस भी उसी दिशा में आरोपी की तलाश कर रही थी। इतना ही नहीं सिलफिली व आस पास के गांव में रेलवे ट्रैक पर ड्रोन कैमरे से सर्च अभियान भी चलाया जा रहा था।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### चल रही है पूछताछ



आरोपी को चिरमिरी से हिरासत में लिया गया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। जांच के बाद खुलासा करने के साथ ही विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

-राजेश अग्रवाल
एसएसपी सरगुजा

### हॉस्पिटल के पास पकड़ा गया आरोपी

सरगुजा पुलिस द्वारा आरोपी की पहचान के लिए लोगों से संपर्क करने के साथ ही उसकी तस्वीर वायरल की गई थी। पुरानी पद्धति से की गई खोजबीन में पुलिस को सफलता मिली। आरोपी को चिरमिरी में हॉस्पिटल के पास देखा गया जिसके बाद पुलिस चिरमिरी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। इस दौरान पुलिस ने आरोपी की पहचान होने के बाद सरगुजा पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर रवाना हुई। फिलहाल आरोपी को सरगुजा पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### महिला के साथ की थी दरिंदगी

आरोपी ने महिला के साथ दरिंदगी की घटना को अंजाम दिया था। महिला की पहचान लखनपुर केवरा निवासी 40 वर्षीया के रूप में की गई थी। पहले पति की मौत के बाद गंगापुर में कथित पति के साथ रहती थी। महिला के साथ दरिंदगी की सभी हदें पार की गई है। महिला के छाती की दोनों तरफ की पसलियां टूटी हुई थी। उसके सिर के सामने की हड्डी भी टूटी हुई थी। गले को दबाने के लक्षण मिले है। इसके साथ ही उसके गुप्तांग का परीक्षण करने पर चिकित्सकों ने एक लीटर के पानी बोतल का हिस्सा निकाला। महिला के गुप्तांग में काफी चोट के निशान भी मिले थे। इस घटना के बाद शहर में आक्रोश का माहौल था और कांग्रेस ने भी इस घटना के खिलाफ एक जन आंदोलन खड़ा कर दिया था। अब आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है।

## अफीम की खरीद बिक्री करने वाला आरोपी झारखंड के चतरा से गिरफ्तार



अफीम की खेती, इनसेट में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अफीम खेती के मामले में बलरामपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने झारखण्ड के चतरा से अफीम की खरीद बिक्री करने वाले को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही फिलहाल पुलिस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

बता दें कि बलरामपुर जिले के कुसमी क्षेत्र में अफीम की खेती का मामला सामने आया था। 12 मार्च को खजुरी तुर्रीपानी में अफीम की खेती किए जाने की पुष्टि हुई थी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने खेत मालिक खजुरी तुर्रीपानी निवासी 34 वर्षीय सहादुर नगेशिया आ.देशिया नगेशिया व 40 वर्षीय दुईला नगेशिया आ.गोंदरा नगेशिया द्वारा अपने खेत में अफीम की खेती किए जाने की पुष्टि हुई। इस दौरान पुलिस की टीम इ मौके से अफीम को जड़ तना पत्ती फूल फल सहित उखाड़ कर जब्त किया गया। पुलिस ने मौके से 1883.76 किलोग्राम अफीम बरामद किया जिसकी कीमत 2 करोड़ रूपए आंकी गई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों को धारा 8,18 एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया था जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। एसपी वैभव बैंकर के नेतृत्व में चल रही एन्ड टू एंड कार्रवाई के दौरान यह बात सामने आई थी कि अफीम तस्कर झारखंड के चतरा निवासी भूपेंद्र उरांव द्वारा ज्यादा पैसा कमाने का लालच देकर सहादुर व दुईला नगेसिया से अफीम की खेती कराई जा रही थी जिसके बाद पुलिस ने 15 मार्च को झारखण्ड चतरा बोधाडीह के ग्राम चाया से 36 वर्षीय भूपेंद्र उरांव उर्फ भूपेन्दरा उरांव आ. भुनेशर उरांव को गिरफ्तार किया था।

इस दोरुआन आरोपी ने चाया के राजन यादव के साथ मिलकर अफीम की बिक्री करने की बात स्वीकार की। ऐसे में एसपी श्री बैंकर ने बिक्री करने वाले तस्कर को पकड़ने के अभियान चलाने के निर्देश दिए थे।पुलिस टीम राजन यादव की तलाश में जुटी ही थी लेकिन वह लगातार अपना लोकेशन बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था। इस बीच 9 अप्रैल को पुलिस टीम ने झारखण्ड के चतरा कुंदा के बोधडीह अंतर्गत ग्राम चाया निवासी 38 वर्षीय राजन यादव आ. तुला यादव को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है।

## जनगणना : शिवपुर-चरचा नगर पालिका का जनजागरूकता अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी



जनगणना 2026-27 के सफल संचालन को लेकर नगर पालिका शिवपुर-चरचा द्वारा व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। इस महत्वपूर्ण राष्टीय कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए नगर के नागरिकों से सहयोग की अपील की गई है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई से 30 मई तक किया जाएगा। वहीं स्व-गणना की प्रक्रिया 16 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच पूरी की जाएगी।

इस दौरान नागरिकों को स्वयं अपने परिवार एवं आवास संबंधी जानकारी निर्धारित माध्यम से भरने का अवसर मिलेगा। जनगणना कार्य को सफल बनाने के लिए नगर पालिका द्वारा विभिन्न माध्यमों से जागरूकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है। कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं, ताकि वे आम नागरिकों तक सही और सटीक जानकारी पहुंचा सकें। साथ ही प्रचार-प्रसार के जरिए लोगों को इस अभियान के महत्व से अवगत कराया जा रहा है। नगर पालिका शिवपुर-चरचा ने सभी सम्मानित नागरिकों से अपील किया है कि वे इस महत्वपूर्ण कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाएं और सही जानकारी उपलब्ध कराकर जनगणना को सफल बनाने में सहयोग करें।

यह कार्य न केवल प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा तय करने में भी अहम भूमिका निभाता है। नगर पालिका द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि जनगणना के दौरान प्राप्त की जाने वाली सभी जानकारियां पूर्णतः गोपनीय रखी जाएंगी और उनका उपयोग केवल सरकारी योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण के लिए किया जाएगा, इसलिए नागरिक बिना किसी संकोच के सही एवं सटीक जानकारी उपलब्ध कराएं। अभियान के अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों में बैठकों, जनसंवाद कार्यक्रमों एवं मुनादी के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही प्रमुख चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्लोगन एवं पोस्टर लगाकर जनसंदेश प्रसारित किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इसकी जानकारी पहुंच सके। नगर पालिका के मुख्य नपा अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा ने बताया कि जनगणना से प्राप्त ऑकड़े ही भविष्य में क्षेत्र के विकास, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं अन्य योजनाओं की रूपरेखा तय करने में सहायक होंगे, इसलिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

## ज्ञानभारतम पांडुलिपि सर्वेक्षण के लिए जिला स्तरीय समिति गठित

**अम्बिकापुर।** भारत सरकार के महत्वपूर्ण पहल ज्ञानभारतम पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के क्रियान्वयन तथा पाण्डुलिपियों की पहचान एवं दस्तावेजीकरण करने हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिसमें कलेक्टर अजीत वसंत समिति के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विनय कुमार अग्रवाल सदस्य सचिव सदस्य सचिव होंगे। समिति के सदस्यों में नगर पालिक निगम अम्बिकापुर के आयुक्त डीएन कश्यप, संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय अम्बिकापुर के रजिस्ट्रार डॉ. शारदा प्रसाद त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी पुरातत्व श्रीमती शारदा अग्रवाल, सेवा निवृत्त प्राचार्य महेश्वर कालोनी प्रतापपुर रोड अम्बिकापुर श्रीश मिश्र होंगे। ज्ञानभारतम पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के तहत दिये जाने वाले दिशा-निर्देश का पालन एवं कियान्ययन हेतु जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## एक दशक बाद फिर लौटेगा नौका विहार का रोमांच, कल से शुरू होगी वोटिंग

**रामानुजगंज।** वन वाटिका में एक बार फिर चहल-पहल बढ़ने वाली है। करीब एक दशक से बंद पड़ी बोटिंग सुविधा अब दोबारा शुरू होने जा रही है, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों को प्राकृतिक वातावरण के बीच नौका विहार का आनंद मिल सकेगा। वन विभाग की पहल और हिंडालको कंपनी के सहयोग से तालाब में नई नौकाएं तैयार कर ली गई हैं, वहीं परिसर में भी कई सुधार किए गए हैं। जानकारी सामने आई है कि मंत्री रामविचार नेताम कल बलरामपुर दौरे पर रहेंगे। अपने निर्धारित कार्यक्रमों के बीच वे शाम करीब 4 बजे रामानुजगंज वन वाटिका पहुंचकर बोटिंग सुविधा का विधिवत शुभारंभ करेंगे। बोटिंग संचालन को व्यवस्थित ढंग से चलाने के लिए हाल ही में वन परिक्षेत्र अधिकारी निखिल सक्सेना की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें शुल्क निर्धारण पर सहमति बनी। प्रस्तावित व्यवस्था के अनुसार वन वाटिका में प्रवेश के लिए दोपहिया वाहनों से 10 रुपये और कार से 30 रुपये शुल्क लिया जाएगा। वहीं मोटर बोट का किराया 15 मिनट के लिए प्रति व्यक्ति 50 रुपये तय किया गया है, जबकि पैडल बोट 4 सीटर के लिए 100 रुपये और 2 सीटर के लिए प्रति व्यक्ति 50 रुपये शुल्क प्रस्तावित है। वन विभाग ने बच्चों के मनोरंजन का भी विशेष ध्यान रखा है। पार्क में नए और सुरक्षित झूले लगाए गए हैं।

### पुलिया से नीचे गिरा ट्रक बाल-बाल बचा चालक

**अम्बिकापुर/ रजपुरीकला।** सुबह एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया, जिसने इलाके में सनसनी फैला दी। घटना सुबह लगभग 4 से 5 बजे के बीच की बताई जा रही है, जब रायपुर से बिहार की ओर जा रहा ट्रक क्रमांक बीआर 06 जीजी 1069 जिसमें पपीता लोड था अचानक अनियंत्रित हो गया और मणिपुर थाना के समीप पुलिया के नीचे गिर गया। हादसा इतना भयावह था कि ट्रक पूरी तरह पलट गया और उसका ऊपरी हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि भीषण दुर्घटना में चालक की जान बच गई। चालक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उपचार जारी है।

## चैता गीतों की गूंज, सांस्कृतिक कार्यक्रम



**डोमनहिल।** चिरमिरी क्षेत्र के डोमनहिल स्थित महाराणा प्रताप भवन में 8 अप्रैल की रात्रि को एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़ सहित कोरिया कॉलरी, गोदरीपारा, हल्दीबाड़ी और डोमनहिल के भोजपुरी गायकों द्वारा चैता का भव्य रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छाया चित्र पर समाज के वरिष्ठजन देवेन्द्र सिंह, कामेश्वर सिंह, रामनरेश सिंह, रामविश्वास सिंह, रमाकांत सिंह, मनोज सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिकों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर नगरपालिक निगम चिरमिरी के महापौर रामनरेश राय, पार्षद राहुल भाई पटेल और संजीत सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। समाज के सदस्यों ने गायकों एवं अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। गायक स्वामीनाथ पाण्डे ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद मधुवन सिंह और कामेश्वर सिंह ने पारंपरिक चैता गीत पिया परदेसिया, देवर घर लरिका ए रामा प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना दिया। मां काली की वंदना और बजरंगबली के चैता गीतों ने श्रोताओं को झूमने पर विवश कर दिया। रात्रि 2 बजे तक चले इस कार्यक्रम में दयानंद सिंह, रमन सिंह, भोला सिंह, उपेन्द्र सिंह, जैनेन्द्र कुमार दुबे सहित काफी संख्या में चैता प्रेमी श्रोता उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### अच्छी फसल के...

कृषि उपकरणों की पूजा-

ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षो पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए गांव के ग्रामीण एकजुट होकर देव स्थान पर कोठारी पूजा में शामिल होते हैं। इस अवसर पर बैगा द्वारा हल, बैल के साथ खेती कार्य में इस्तेमाल होने वाले औजारों का भी पूजा करते हैं। वहीं कई क्षेत्रों में प्रतिकात्मक रूप से 5 मुट्ठी धान की बोआई कर कृषि कार्य का श्री गणेश करते हैं।

### महिला आरक्षण विधेयक...

सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिल रही है। साथ ही प्रदेश में महतारी सदन के निर्माण जैसे प्रयास भी महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रहे हैं। अंत में चंपादेवी पावले ने कहा कि विधायी संस्थाओं में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी देश की प्रगति का संकेत है। महिला आरक्षण विधेयक के लागू होने से आने वाला समय देश की मातृशक्ति के लिए नए अवसरों और सशक्त भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा।

### शेड निर्माण के लिए रखे सामान ले उड़े चोर

करवां। लटोरी चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत करवां में शेड निर्माण के लिए रखे गए उपयोगी सामग्री को अज्ञात चोरों ने बुधवार की रात ताला तोड़कर पार कर दिया है। चोरी की गई सामानों की कीमत लगभग बीस हजार रुपए बताई जा रही है। नवदुर्गा पूजा समिति करवां अध्यक्ष अमरसाय राजवाड़े ने घटना की शिकायत लटोरी पुलिस चौकी में की है। शिकायत में उल्लेख किया है कि वर्तमान में ग्राम पंचायत करवाँ अहिरापारा यज्ञ शाला भवन के समीप चबूतरा एवं शेड निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण हेतु सामग्रियों को यज्ञ शाला भवन में रखा गया था। जिसमें लोहा स्क्वायर पाइप 10 नग , डेढ़ इंच पाइप एक बंडल, एलईडी टावर लाइट दो नग, 12 फीट लंबाई की एक सीढ़ी सशेड निर्माण कार्य तक लाइट व्यवस्था हेतु रखे गए एक बंडल तार , हथौड़ा, सबब्ल , बाल्टी पेंट एवं पूजा का समान को बुधवार की रात चोरों ने भवन का ताला तोड़कर सामान को पार कर दिया गया है। अध्यक्ष श्री राजवाड़े ने बताया की चोरी किए सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 20 हजार रूपए आंकी गई है।

## कवि श्याम कश्यप बेचैन ने शंकर शाद मुशायरे में हासिल किया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




शहर के वरिष्ठ शायर श्याम कश्यप बेचैन ने दिल्ली में आयोजित मुशायरा प्रतियोगिता में जीत हासिल की है। विजेता होने पर श्याम कश्यप बेचैन को शायर इकबाल अशहर, जावेद अख्तर सहित अन्य हस्तियों ने सम्मानित किया है। बता दें कि 4 अप्रैल को राजधानी दिल्ली के कनॉट प्लेस 12 खंबा स्थित मॉर्डन स्कूल ऑडिटोरियम में शंकर लाल मुरलीधर शाद फाउंडेशन और डीसीएम श्रीराम ग्रुप द्वारा 57वें अंतरराष्ट्रीय शंकर-शाद मुशायरे का आयोजन किया गया था।

इस मुशायरा प्रतियोगिता में सरगुजा व प्रदेश के जाने माने शायर श्याम कश्यप बेचैन भी शामिल हुए और प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। वरिष्ठ शायर श्याम कश्यप बेचैन को प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने पर विजेता ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश, न्यायमूर्ति सुधांशु धुलिया की उपस्थिति में सुप्रसिद्ध शायर, फिल्मी गीतकार जावेद अख्तर, वसीम बरेलवी, शीन काफ निज़ाम और डीसीएम श्रीराम ग्रुप के एमडी माधव श्रीराम व अन्य मैनेजमेंट टीम ने ट्रॉफी और स्मृति चिन्ह प्रदान किए। जबकि ख्यात शायर इक़वाल अशहर, अज़हर इक़बाल, शकील आज़मी, राजेश रेड्डी, शबीना अदीब, सैफ़ निज़ामी, ताज़ो मिज़ाहिया के शायर तंग साहब, लंदन के शायर हिलाल फरीद, हिना रिज़वी और अन्य तमाम दिल्ली के सामयीन इस मौके पर मौजूद रहे।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी. ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त